**आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)**
**प्रादेशिक समाचार बुलेटिन**

**18.45 शनिवार** **दिनांक 07.12.2024**

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>

**मुख्य समाचारः—**

- **केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री ने सौ दिन के टीबी उन्मूलन अभियान की शुरूआत की—छत्तीसगढ़ में मुख्यमंत्री ने हितग्राहियों को प्रतिमाह दी जाने वाली एक हजार रूपये की राशि का ऑनलाइन अंतरण किया।**

- **केंद्रीय मंत्रिमंडल ने देश में पचासी नये केंद्रीय विद्यालय खोलने को मंजूरी दी—छत्तीसगढ़ में भी चार नये केंद्रीय विद्यालय खोले जाएंगे।**

- **सशस्त्र सेना झंडा दिवस पर आज राजभवन में समारोह का आयोजन किया गया।**

- **बीजापुर जिले में माओवादियों ने आंगनबाड़ी कार्यकर्ता की हत्या की—पांच इनामी माओवदियों ने किया आत्मसमर्पण।**

**टीबी उन्मूलन अभियान—01**

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने आज हरियाणा के पंचकूला में सौ दिन के टीबी उन्मूलन अभियान की शुरूआत की। इस मौके पर श्री नड्डा ने कहा कि टीबी मुक्त भारत का लक्ष्य प्राप्त करने के लिए कोई—कोर—कसर नहीं छोड़ी जाएगी। उन्होंने कहा कि वर्ष दो हजार पच्चीस तक देश को टीबी मुक्त बनाने के लिए टीबी उन्मूलन अभियान मील का पत्थर साबित होगा। श्री नड्डा ने कहा कि टीबी रोगियों को आयुष्मान भारत—प्रधानमंत्री जनआरोग्य योजना के लाभ मिल रहे हैं। उन्होंने कहा कि टीबी रोगियों को प्रतिमाह एक हजार रूपये दिए जा रहे हैं। यह अभियान, तैंतीस राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों के तीन सौ सैंतालीस जिलों में चलाया जाएगा।

इधर, छत्तीसगढ़ में भी आज से सौ दिन के टीबी उन्मूलन अभियान की शुरूआत हुई। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने रायपुर के एम्स ऑडिटोरियम में राज्य स्तरीय 'निक्षय निरामय छत्तीसगढ़' अभियान की शुरूआत की। उन्होंने इस योजना के तहत हितग्राहियों को प्रतिमाह दी जाने वाली एक हजार रूपये की राशि का ऑनलाइन अंतरण किया। श्री साय ने उपस्थित लोगों को निक्षय निरामय की शपथ भी दिलाई। समारोह में मुख्यमंत्री ने हितग्राहियों को पोषण आहार, हियरिंग ऐड, वाकर और वाकिंग स्टीक प्रदान किया। साथ ही उन्होंने स्वास्थ्य सेवाओं के लिए उत्कृष्ट कार्य करने वाले चिकित्सकों, सामाजिक कार्यकर्ताओं और मितानिनों को भी सम्मानित किया।

**टीबी उन्मूलन अभियान—02**

इस अवसर पर स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने कहा कि राज्य 'निरामय छत्तीसगढ़' बनने की ओर अग्रसर है। 'निक्षय निरामय छत्तीसगढ़' अभियान के तहत अगले सौ दिनों तक राज्य में टीबी, कुष्ठ और मलेरिया के मरीजों की पहचान की जाएगी तथा उनका उपचार सुनिश्चित किया जाएगा। इससे पहले, श्री साय ने एम्स परिसर में 'निक्षय निरामय छत्तीसगढ़' सौ दिवसीय जांच और उपचार अभियान के दौरान लोगों में जागरूकता और टीबी जांच के लिए संचालित मोबाइल मेडिकल यूनिट और प्रचार—प्रसार वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। ये वाहन रायपुर, दुर्ग और बिलासपुर संभाग के लिए रवाना किए गए हैं।

**केंद्रीय विद्यालय—सड़क निर्माण**

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने पांच हजार आठ सौ बहत्तर करोड़ रुपये से अधिक की लागत से देश में पचासी नये केंद्रीय विद्यालय खोलने को मंजूरी दे दी है। इनमें छत्तीसगढ़ में चार नये केंद्रीय विद्यालय भी शामिल हैं। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने नये स्वीकृत केंद्रीय विद्यालय की मंजूरी दिए जाने पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का आभार व्यक्त किया है। श्री साय ने बताया कि नये केंद्रीय विद्यालय – मुंगेली, सूरजपुर, बेमेतरा और जांजगीर—चांपा जिले के हसौद में खोले जाएंगे। उन्होंने कहा कि नये केंद्रीय विद्यालयों के शुरू होने से राज्य के विद्यार्थियों को उच्च स्तरीय और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिलेगी।

इस बीच, केंद्रीय आवासन और शहरी राज्यमंत्री तोखन साहू ने छत्तीसगढ़ के मुंगेली सहित चार जिलों में केंद्रीय विद्यालय खोले जाने पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान के प्रति आभार व्यक्त किया है। वहीं, केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय ने छत्तीसगढ़ के अंतर्गत राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक–एक सौ तीस में उच्च स्तरीय पुल और सी–फोरलेन सड़क निर्माण तथा राष्ट्रीय राजमार्ग–एक सौ तिरपन के उन्नयन के लिए एक सौ सैंतालीस करोड़ छब्बीस लाख रूपये की स्वीकृति दी है। श्री साय ने बताया कि राष्ट्रीय राजमार्ग– एक सौ तीस बिलासपुर–अंबिकापुर मार्ग में चुलहट नाला पर उच्च स्तरीय पुल निर्माण के लिए चार करोड़ अठासी लाख रूपये और राष्ट्रीय राजमार्ग–एक सौ तीस 'सी' में गरियाबंद नगरीय क्षेत्र में फोरलेन सड़क निर्माण के लिए तैंतालीस करोड़ रूपये से अधिक की राशि स्वीकृत की गई है। इसी तरह, राष्ट्रीय राजमार्ग–एक सौ तिरपन रायगढ़–सरायपाली के चंद्रपुर सेक्शन में टू–लेन और उन्नयन कार्य के लिए निन्यानवे करोड़ रूपये की राशि मंजूर की गई है।

## लोहारीडीह मामला

कबीरधाम जिले के लोहारीडीह में हत्या, आगजनी, मारपीट और लूट के मामले में शामिल तेईस आरोपियों को अपर सत्र न्यायालय ने पांच में से चार मामलों में साक्ष्य नहीं मिलने के कारण आरोप मुक्त कर दिया है। इस मामले में पुलिस ने एक सौ सड़सठ लोगों के खिलाफ अलग–अलग पांच प्रकरण दर्ज किए थे।

## हल्बी/गोण्डी–समाचार बुलेटिन

श्रोताओं, कल रविवार को **''हल्बी'' और ''गोण्डी''** बोली में समाचार बुलेटिन प्रसारित किए जाएंगे। ये दोनों बुलेटिन आकाशवाणी केन्द्र, जगदलपुर से प्रसारित किए जाएंगे। इन्हें बस्तर संभाग में सुना जा सकेगा। हल्बी में समाचार बुलेटिन सुबह साढ़े सात बजे से और गोण्डी में समाचार बुलेटिन शाम साढ़े छह बजे से प्रसारित किया जाएगा।

## सशस्त्र सेना झंडा दिवस–राज्यपाल

सशस्त्र सेना झंडा दिवस पर आज राजभवन में समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर राज्यपाल रमेन डेका ने शहीदों की पत्नियों, माताओं और आश्रितों को सम्मान राशि और शॉल भेंटकर सम्मानित किया। साथ ही वीरता अलंकरण प्राप्त और झंडा दिवस के अवसर पर विशेष योगदान देने वाले दानदाताओं को भी सम्मानित किया। इस मौके पर श्री डेका ने कहा कि सैनिक निःस्वार्थ भाव से देश की रक्षा करते हैं और अपना जीवन देश सेवा में लगाते हैं। उन्होंने आम जनता से अपील की कि वे अधिक से अधिक सहयोग देकर वीर जवानों के प्रति सम्मान व्यक्त करें। राज्यपाल ने सशस्त्र झंडा दिवस निधि के लिए दो लाख रूपये की सहयोग राशि सैनिक कल्याण बोर्ड को प्रदान की।

## आंगनबाड़ी कार्यकर्ता–हत्या/आत्मसमर्पण

बीजापुर जिले में बासागुड़ा थाना क्षेत्र के ग्राम तिम्मापुर में माओवादियों ने एक आंगनबाड़ी कार्यकर्ता की हत्या कर दी है। मिली जानकारी के अनुसार बीती रात माओवादी तिम्मापुर गांव पहुंचे और आंगनबाड़ी कार्यकर्ता को उनके घर से बाहर निकालकर धारदार हथियार से उसकी हत्या कर दी। बीच–बचाव करने आए आंगनबाड़ी कार्यकर्ता के बेटे पर भी माओवादियों ने हमला करने की कोशिश की। सूचना मिलने पर पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और जांच में जुट गई है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक चंद्रकांत गवर्ना ने घटना की पुष्टि की है। इसी जिले में पांच इनामी माओवादियों ने पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण किया है। इनमें से एक माओवादी पर आठ लाख रूपये का इनाम घोषित था। इनके खिलाफ विभिन्न माओवादी घटनाओं में शामिल रहने का आरोप है।

## स्मार्ट इंडिया हैकाथॉन

स्मार्ट इंडिया हैकाथॉन का सातवां संस्करण आगामी ग्यारह दिसंबर को देशभर के इंक्यावन केंद्रों पर एक साथ शुरू होगा। केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान इस कार्यक्रम का वर्चुअली उद्घाटन करेंगे। छत्तीसगढ़ में रायपुर स्थित एमिटी यूनिवर्सिटी स्मार्ट इंडिया हैकाथॉन की मेजबानी करेगी। इस कार्यक्रम में तेरह राज्यों से अट्ठाईस प्रशिक्षकों के मार्गदर्शन में एक सौ छियासी प्रतिभागी शामिल होंगे। इनमें तिरासी महिलाएं भी हैं। वहीं, देशभर की इकतीस टीमें भाग लेंगी। छत्तीसगढ़ में चार स्थानों पर स्मार्ट इंडिया हैकाथॉन का आयोजन किया जाएगा। इनमें भिलाई, बिलासपुर, रायपुर और दुर्ग शामिल हैं। स्मार्ट इंडिया हैकाथॉन के बारे में और जानकरी दे रही हैं, रूंगटा कॉलेज, भिलाई की प्रोफेसर डॉक्टर हुमा खान।

## राईस मिलर–गतिरोध खत्म

राज्य सरकार और राईस मिलर्स के बीच जारी गतिरोध खत्म हो गया है। सोमवार से सभी खरीदी केन्द्रों में धान का उठाव शुरू होगा। कैबिनेट मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल के साथ राईस मिलर्स एसोसिएशन की बैठक के बाद यह निर्णय लिया गया। श्री जायसवाल ने बताया कि राईस मिलर्स की मांगें स्वीकार कर ली गई है। जल्द ही राईस मिलर्स एग्रीमेंट समेत अन्य प्रक्रिया पूरी कर धान का उठाव करेंगे। गौरतलब है कि इस मामले में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के साथ भी राईस मिलर्स एसोसिएशन की बैठक हुई थी। राईस मिलर्स एसोसिएशन ने उनकी सभी मांगों को स्वीकार करने के लिए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का आभार जताया है।

## बीएड/डीएलएड–आवंटन प्रक्रिया

छत्तीसगढ़ राज्य शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद द्वारा डीएलएड, बीएड, बीएबीएड और बीएससीबीएड पाठ्यक्रमों में प्रवेश के अंतिम चरण की प्रक्रिया आज से शुरू कर दी गई है। जिन विद्यार्थियों ने पूर्व में पंजीयन के बाद चयन होने के बावजूद प्रवेश नहीं लिया है, वे पुनः निःशुल्क पंजीयन करा सकेंगे। वहीं, जो विद्यार्थी पहली बार पंजीयन करेंगे, वे निर्धारित शुल्क के साथ किसी महाविद्यालय या संस्था का नाम विकल्प के रूप में बारह दिसंबर तक ऑनलाइन भर सकते हैं। अंतिम चरण की प्रथम सूची का प्रकाशन बारह दिसंबर को किया जाएगा।

## जिले की चिट्ठी

प्रादेशिक समाचार एकांश, आकाशवाणी रायपुर द्वारा प्रस्तुत कार्यक्रम "जिले की चिट्ठी" का प्रसारण कल शाम छह बजकर पांच मिनट से छह बजकर दस मिनट तक किया जाएगा। इस कार्यक्रम को छत्तीसगढ़ स्थित आकाशवाणी के सभी केन्द्र रिले करेंगे। इस बार के अंक में **"राजनांदगांव"** जिले की गतिविधियों के बारे में जानकारी दी जाएगी।

## संक्षिप्त समाचार

– राजधानी रायपुर में आगामी पंद्रह से उन्नीस दिसंबर तक आयोजित होने वाली एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालयों की चतुर्थ राष्ट्रीय खेल प्रतियोगिता अपरिहार्य कारणों से स्थगित कर दी गई है।

– छत्तीसगढ़ राज्य नीति आयोग ने प्रासंगिक और विकासोन्मुखी विषयों पर अध्ययन के लिए शिक्षकों, शोधकर्ताओं और निजी अनुसंधानकर्ताओं से इकतीस जनवरी तक आवेदन आमंत्रित किए हैं।

## किसान–टोकन

राज्य सरकार ने सभी कलेक्टरों को समर्थन मूल्य पर धान खरीदी की व्यवस्था के तहत किसानों को टोकन जारी करने की निर्धारित प्रक्रिया का पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। कुल आवेदन का चालीस प्रतिशत समिति मॉड्यूल और साठ प्रतिशत ऐप के माध्यम से टोकन दिए जाने का प्रावधान है। टोकन के लिए आवेदन करने हेतु रविवार से शुक्रवार तक सुबह साढ़े नौ बजे से शाम पांच बजे तक का समय निर्धारित किया गया है।

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>